# विश्व हिंदी दिवस पर निबंध PDF

अंतर्राष्ट्रीय हिंदी दिवस प्रत्येक वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन 1975 को नागपुर में पहला विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया था। उस समय की पीएम श्रीमती इंदिरा गांधी ने इस प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन का उद्घाटन किया था। इस दिवस को प्रति वर्ष मनाने की घोषणा 10 जनवरी 2006 को इस देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने किए थे। तब से हर साल इस तारीख को विभिन्न सरकारी कार्यालयों और विदेशों में भारतीय दूतावास विश्व हिंदी दिवस मनाते हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदी दिवस क्यों मनाया जाता है ?

अंतर्राष्ट्रीय हिंदी दिवस, हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता पैदा करने के लिए और इस भाषा को अंतर्राष्ट्रीय भाषा के तौर पर पेश करने के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य भी यही है कि हिंदी एक विश्व भाषा के रूप में प्रस्तुत हो, इसका खूब प्रचार-प्रसार किया जाए। हिंदी की दशा पर लोगों का ध्यान केंद्रित हो तथा हिंदी के प्रति अनुराग पैदा होना चाहिए। इस दिन विदेशों में कई तरह के आयोजन किए जाते हैं।

## विश्व हिंदी सम्मेलन कब-कब हुआ?

जैसा कि ऊपर बताया गया है कि पहला विश्व हिंदी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को नागपुर महाराष्ट्र में हुआ था, जो कि 14 जनवरी तक चला था।

## हिंदी के प्रचार-प्रसार में संलग्न प्रमुक संस्थाएं

लगभग 150 संस्थाएं हिंदी के प्रचार-प्रसार में संलग्न है। इसमें से ज्यादातर संस्थाएं अपने देश में ही हैं और कुछ विदेश में कार्यरत हैं। हिंदी के प्रचार में लगी हुई कुछ अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के नाम निम्नलिखित हैं –

- विश्व हिंदी परिषद
- अक्षरम्
- अखिल भारतीय भाषा साहित्य सम्मेलन, पटना
- मारिशस हिंदी संस्थान, मॉरीशस
- अखिल विश्व हिंदी समिति
- अंग्रेजी अनिवार्यता विरोधी समिति
- अंतर्राष्ट्रीय हिंदी समिति, वर्जिनिया
- अलबर्टा हिंदी परिषद
- असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी
- उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ

• कर्नाटक महिला हिंदी सेवा समिति, बैंगलोर

• केंद्रीय सचिवालय, हिंदी परिषद, नई दिल्ली

• कथा, यूके

• केंद्रीय हिंदी समिति

• केरल हिंदी प्रचार सभा, तिरूवनंतपुरम

• हिंदी समाज, सिडनी

• वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, नई दिल्ली

• हिंदी सोसाइटी, सिंगापुर

• भारती भाषा संवर्धन संस्थान, दिल्ली

• हिंदी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग

हिंदी दिवस तथा विश्व हिंदी दिवस तो प्रत्येक साल मनाया जाता है, पर इसका मकसद अभी तक हासिल नहीं हुआ है। कई लोग अभी भी इंग्लिश को सर्वोपरि समझते हैं। इंग्लिश पढना, बोलना, लिखना जरूर सीखना चाहिए, लेकिन अपनी भाषा को महत्व जरूर देना चाहिए।

## विश्व हिंदी दिवस पर 10 लाइन

- हिंदी भाषा का प्रचार-प्रसार करना ही हमारा उद्देश्य है।
- 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है ।
- विश्व में बोली जाने वाली तीसरी बड़ी भाषा है ।
- इस दिन विदेशों में कई तरह के आयोजन भारतीय एंबेसी के द्वारा किया जाता है।
- इन दिन कवि सम्मेलन, विचार-संगोष्ठी व वाद-विवाद का आयोजन किया जाता है।
- हिंदी के विकास में योगदान के लिए पुरस्कार भी बांटे जाते हैं।
- पूरी दुनिया में करीब 70 करोड़ लोग हिंदी बोलते हैं।
- दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित एक द्विपीय देश फिजी की राजभाषा हिंदी ही है।
- गांधी जी ने कहा था कि राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी का प्रयोग देश की एकता और उन्नति के लिए जरूरी है।
- हिंदी भाषा का विदेशों में काफी जोरों से प्रचलन हो रहा है।